# प्रेस नोट

## सराहनीय कार्य कानपुर देहात
## दिनांक- 08.10.2025

- **थाना मूसानगर पुलिस द्वारा कस्बा मूसानगर के मोहल्ला गढ़ में स्थित राधाकृष्ण मन्दिर से शिवलिंग की पिण्डी चोरी करने वाले 01 अभियुक्त को 24 घंटे के अन्दर किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की गयी शिवलिंग की पिण्डी को किया गया बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण की दिशा में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 06.10.2025 को सुबह करीब 06:00 बजे पीआरवी पर सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना मूसानगर में मोहल्ला गढ़ में स्थित राधाकृष्ण मंदिर से शिवलिंग चोरी हो गया है। प्राप्त सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर व थानाध्यक्ष मूसानगर द्वारा फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचकर मन्दिर परिसर का निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट द्वारा मन्दिर परिसर का गहन निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी। जनसहयोग व लोगों की आपसी भागीदारी और सहमति से नई पिण्डी लाकर स्थापित करायी गयी। उक्त प्रकरण में वादी श्री राजकुमार तिवारी पुत्र स्व0 मथुराप्रसाद निवासी मुक्तादेवी धाम वार्ड नं0-03 मूसानगर, थाना मूसानगर, जनपद कानपुर देहात द्वारा दिनांक 07.10.2025 को दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना मूसानगर पर मु0अ0सं0-86/2025 धारा 305(D) बीएनएस पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त अंशू तिवारी उर्फ विकास कुमार पुत्र स्व0 रज्जनलाल तिवारी निवासी मुक्तानगर कस्बा व थाना मूसानगर, जनपद कानपुर देहात का नाम प्रकाश में आया है। मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त अंशू तिवारी उर्फ विकास कुमार उपरोक्त को आज दिनांक 08.10.2025 को हलिया मोड तिराहे से 24 घंटे के अन्दर पुलिस हिरासत में लिया गया व अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की गयी शिवलिंग की पिण्डी बरामद की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

### गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-

1. अंशू तिवारी उर्फ विकास कुमार पुत्र स्व0 रज्जनलाल तिवारी निवासी मुक्तानगर कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात।

### पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मेरा मकान मन्दिर के बगल में है तथा मैं शराब पीने का आदी हूं। मैंने शिवलिंग स्थापना के समय रखे जाने वाले चांदी या सोने के सिक्कों या कोई अन्य कीमती वस्तु के लालच में शिवलिंग की पिण्डी को उखाड लिया था, जब पिण्डी के नीचे कुछ नहीं मिला था तो मैंने पिण्डी को मन्दिर के सामने स्थित कुएं में फेक दिया था। जहां से मैंने पिण्डी को आपको बरामद करा दिया है।

### बरामदगी का विवरण-

चोरी की गयी शिवलिंग की पिण्डी।

### गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना मूसानगर पुलिस